दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 16 फरवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 139

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सीएए का विरोध करने वाले देशद्रोही या गद्दार नहीं

**» बॉम्बे हाईकोर्ट की टिप्पणी**

**औरंगाबाद (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे लोगों को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा है कि उन्हें सिर्फ इसलिए गद्दार और देशद्रोही नहीं कहा जा सकता, क्योंकि वे कानून का विरोध करना चाहते हैं. बॉम्बे हाईकोर्ट ने ये टि प्पणी सीएए के खिलाफ आंदोलन के लिए पुलिस द्वारा अनुमति न दिए जाने के खिलाफ डाली गई याचिका पर सुनवाई करते हुए दी. बेंच ने कहा, इस तरह का आंदोलन सीएए के प्रावधानों की अवेहलना नहीं करता. कोर्ट से ऐसे व्यक्तियों के शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन शुरू करने के अधिकार पर विचार करने की अपेक्षा की जाती है. बेंच ने कहा केवल इसलिए किसी को देशद्रोही या गद्दार नहीं कहा जा सकता कि वह एक कानून का विरोध करना चाहते हैं. इस टिप्पणी के साथ ही कोर्ट ने अडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और मजलगांव सिटी पुलिस द्वारा दिए गए दो आदेशों को भी रद्द कर दिया।

### 2024 से पहले एक और हो सकता है पुलवामा हमला

**» कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता उदित राज ने राहुल गांधी के पुलवामा हमले पर पूछे प्रश्न का समर्थन करते हुए कहा है कि 2024 से पहले एक और पुलवामा अटैक हो सकता है। ऐसे में राहुल गांधी द्वारा पूछे सवाल बिलकुल जायज है। पुलवामा हमले की अच्छी तरीके से जांच होनी चाहिए। उदित राज ने कहा कि सोशल मीडिया पर राष्ट्रवाद का प्रचार करने वाले लोग अक्सर उच्च जाति के ही होते हैं। जिन सैनिकों ने मुख्य रूप से हमले में अपनी जान गंवाई वे दलित, आदिवासी और पिछड़ी समुदायों से आते हैं।

### भाजपा की मध्यप्रदेश, सिक्किम, केरल इकाइयों के प्रमुख बदले

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मध्य प्रदेश, सिक्किम और केरल भाजपा की राज्य ईकाईयों के नए प्रमुखों की नियुक्ति की है, जिनमें विष्णु दत्त शर्मा को पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई का प्रमुख नियुक्त किया। जबकि दल बहादुर चौहान को पार्टी की सिक्किम और के. सुरेंद्रन को केरल इकाई का प्रमुख नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने खजुराहो से सांसद विष्णु दत्त शर्मा को मध्य प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। शर्मा ने राकेश सिंह की जगह ली है। इसके अलावा बीजेपी सिक्किम और केरल में भी नए अध्यक्षों के नाम का ऐलान किया है। नड्डा ने दल बहादुर चौहान को सिक्किम राज्य अध्यक्ष और के सुरेंद्रन को केरल बीजेपी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विष्णु दत्त शर्मा मूलतरू मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के रहने वाले हैं।

### अब फांसी पर सुप्रीम कोर्ट ने तय की नई गाइडलाइन

**» छह माह में हो सकेगी फांसी अपील पर सुनवाई**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कानूनी दांव पेचों के इस्तेमाल से निर्भया के गुनहगारों की फांसी में हो रही देरी के बीच सुप्रीम कोर्ट ने भविष्य में मौत की सजा के खिलाफ अपीलों की जल्द सुनवाई के लिए दिशानिर्देश तय कर दिए हैं। शीर्ष अदालत ने मौत की सजा के मामले में हाईकोर्ट के फैसले के छह माह के भीतर अपील पर सुनवाई तय कर दी है। शुक्रवार को सामने आए सुप्रीम कोर्ट के एक सर्कुलर में कहा गया है कि किसी मामले में जब हाईकोर्ट मौत की सजा की पुष्टि करता है या उसे बरकरार रखता है और सुप्रीम कोर्ट उस पर सुनवाई की अपनी सहमति जताता है तो इस आपराधिक अपील पर सहमति की तारीख से छह माह के भीतर मामले को शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा, भले ही यह अपील तैयार हो पाई हो या नहीं।

# केजरीवाल के शपथ ग्रहण में शिक्षकों को बुलाने पर भड़का विपक्ष

नईदिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल रविवार को लगातार तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण में पीएम मोदी को भी न्योता भेजा गया है। इसके अलावा शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी कर सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों व शिक्षकों को अरविंद केजरीवाल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रामलीला मैदान पहुंचने का आदेश दिया है।



यह आदेश देने के लिए आम आदमी पार्टी विपक्षियों के निशाने पर आ गई है। कांग्रेस और बीजेपी दोनों की तरफ से सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक सर्कुलर के अनुसार, शिक्षा निदेशालय ने सभी स्कूल शिक्षकों, प्रिंसिपल, वाइस-प्रिंसिपल, हैप्पीनेस कोऑर्डिनेटर्स और संरक्षक शिक्षकों को शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक परिपत्र जारी किया है। अब इसे लेकर बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने आम आदमी पर पर सवाल उठाए हैं। कपिल मिश्रा ने ट्वीट किया, सरकार के शपथ ग्रहण में टीचर्स आयें ये अच्छी बात है। लेकिन सरकारी आर्डर निकालकर जबरदस्ती टीचर्स को लाया जाए, टीचर्स की हाजिरी रामलीला मैदान में लगाई जाए, ये एक गलत परंपरा की शुरुआत है। शपथ ग्रहण को ऐसे अनावश्यक ग्रहणों से मुक्त रखना चाहिए।

बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल 16 फरवरी को रामलीला मैदान में एक समारोह के दौरान मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। केजरीवाल अपनी कैबिनेट के साथ रविवार को सुबह 10 बजे रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उसके लिए रामलीला मैदान में तैयारियां चल रही हैं। पुलिस ने इस कार्यक्रम के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किये हैं।

## देश में कुपोषण जैसी समस्याओं पर फोकस करें वैज्ञानिक


**» सीएसआईआर की बैठक में पीएम मोदी ने दिए कई सुझाव**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों से अपील की है कि वे देश के सामने मौजूद कुपोषण जैसी वर्तमान सामाजिक समस्याओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने वैज्ञानिकों का भविष्य के लिए कई अन्य सुझाव भी दिये। पीएम मोदी ने यहां वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) सोसाइटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए वर्चुअल प्रयोगशालाएं विकसित करने की महत्ता पर बल दिया, ताकि विज्ञान को देश के हर कोने में प्रत्येक छात्र तक ले जाया जा सके।

# प्रदेश में एक मई से लागू होगा एनपीआर

**» सहयोगी दलों के बीच टकराव**

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में एक मई से राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर लागू करने का निर्णय करके एनसीपी और कांग्रेस को एक झटका दिया है। क्योंकि देशभर में कांग्रेस एनपीआर को विरोध कर रही है।



वहीं महाराष्ट्र सरकार में वह एक सहयोगी है। सीएए, एनपीआर और एनआरसी को लेकर हो रहे देशव्यापी विरोध के बावजूद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक मई से 15 जून तक एनपीआर के तहत सूचनाएं इकट्ठा करने की अधिसूचना जारी की है। वहीं महाराष्ट्र के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त (आरजीसीसी) के कार्यालय ने एनपीआर और जनगणना को लेकर राज्य के अधिकारियों के साथ छह फरवरी को एक बैठक की और दोनों प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए लगभग 3.34 लाख कर्मचारी तैनात कर दिए हैं।

इसे लेकर राज्य सरकार जल्द ही अधिसूचना जारी करेगी। राज्य में एनपीआर लागू करने को लेकर शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के महाविकास अघाड़ी में तनातनी नजर आ रही है।

## मप्र भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष बने विष्णु दत्त शर्मा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश बीजेपी में बड़े बदलाव की खबर है. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता विष्णु दत्त शर्मा को मध्य प्रदेश बीजेपी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है. शर्मा राकेश सिंह का स्थान लेंगे, जिनके नेतृत्व में पिछला विधानसभा चुनाव लड़ा गया था. विष्णु दत्त शर्मा खजुराहो से बीजेपी के सांसद हैं. बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह ने विष्णु दत्त शर्मा को बधाई दी है. राकेश सिंह ने कहा है कि पार्टी ने अच्छे चेहरे का चयन किया है. उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए हमने 18 बड़े आंदोलन किए हैं. राकेश सिंह ने कहा कि ये बदलाव होना था और मुझे इसकी जानकारी थी।



## केजरीवाल के शपथ ग्रहण में शहीदों के परिजन, सुरक्षा गार्ड, एंबुलेंस ड्राइवर भी आमंत्रित

**नईदिल्ली।** अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में चौबीस घंटे से भी कम समय शेष है. केजरीवाल के सहयोगी मनीष सिसोदिया ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में सिग्नेचर ब्रिज बनाने वाले आर्किटेक्ट, डीटीसी बसों में सुरक्षा करने वाले गार्ड, मोहल्ला क्लीनिक के डॉक्टर, बाइक एंबुलेंस चलाने वाले ड्राइवर समेत दिल्ली के कई आम और खास लोगों को गेस्ट के रूप में बुलाया गया है।



सिसोदिया ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बात की जानकारी दी। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली का हर व्यक्ति कहीं न कहीं, किसी न किसी का भला करना चाहता है. सड़क पर दुर्घटना होने की स्थिति में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले भी शपथ ग्रहण समारोह में आएंगे. दिल्ली में काम करने वाले फायर फाइटर्स, सफाई कर्मचारी, जो दिल्ली की साफ-सफाई का ख्याल रखते हैं, यहां की बसों में नियुक्त किए गए बस-मार्शल और ड्राइवर भी दिल्ली की जनता के प्रतिनिधि के रूप में समारोह में मौजूद रहेंगे। पटपड़गंज से चुनाव जीतने वाले मनीष सिसोदिया ने कहा कि पांच साल में दिल्ली की तस्वीर बदलने वाले इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स को भी समारोह में बुलाया गया है। ये लोग मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण में मौजूद रहेंगे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की आम जनता के प्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने का मकसद यह है कि यह एक सपना है।, जो सिर्फ आम आदमी पार्टी (आप) या अरविंद केजरीवाल या पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं का नहीं है, बल्कि इस शहर में रहने वाले हर व्यक्ति का सपना है. यह दिल्ली की जनता का सम्मान है, जिन्होंने आप को इस चुनाव में इतनी बड़ी जीत दिलाई है।

# अदालत ने कांग्रेस नेता शशि थरूर पर लगाया जुर्माना

**» शिवलिंग पर बिच्छू मामले की सुनवाई पर नहीं पहुंचे थरूर**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।



कांग्रेस सांसद मानहानि के एक मामले में सुनवाई के लिए अदालत में पेश नहीं हुए जिसकी वजह से उनपर जुर्माना लगाया गया है। उनके खिलाफ भाजपा नेता राज बब्बर ने मामला दर्ज किया है क्योंकि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कथित तौर पर शिवलिंग पर बिच्छूश् वाला बयान दिया था। गौरतलब है कि भाजपा नेता बब्बर ने अदालत में शिकायत दायर करते हुए आरोप लगाया था कि थरूर ने अक्तूबर 2018 में बंगलूरू में आयोजित एक कार्यक्रम में एक लेख का हवाला देते हुए बयान दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी शिवलिंग पर बैठे बिच्छू की तरह हैं। इस विवादित लेख में लेखक ने आरएसएस के एक सूत्र के हवाले से लिखा था कि मोदी शिवलिंग पर बैठे बिच्छू की तरह हैं। उन्हें वहां से किसी भी तरह हटाया नहीं जा सकता। उस सूत्र ने अपनी कुंठा जाहिर करते हुए मोदी की तुलना बिच्छू से की थी। भाजपा नेता ने अपनी शिकायत में कहा था कि थरूर ने इस लेख के आधार पर विवादित बयान दिया। इससे पहले 14 नवंबर को हुई सुनवाई में अदालत ने थरूर के खिलाफ जारी हुए जमानती वारंट पर रोक लगा दी थी। 13 नवंबर को अदालत ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था क्योंकि वह कोर्ट में पेश नहीं हुए थे।

## 25 देशों के राजनयिकों ने डोभाल से की मुलाकात

**» कश्मीर की वर्तमान स्थिति को बताया बेहतर**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विदेशी राजदूतों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात की। राजदूतों का यह प्रतिनिधिमंडल जम्मू और कश्मीर के दो दिवसीय दौरे से लौटा था। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के छह महीने बाद राजनयिकों के इस दल ने नवगठित केंद्र शासित प्रदेश का दौरा किया। वहां की जमीनी स्थिति को देखकर टीम ने सरकार की सुरक्षा व्यवस्था के प्रति संतोष जाहिर किया है। बता दें कि राजनयिकों के इस दल में जर्मनी, फ्रांस और अफ्गानिस्तान समेत 25 देशों के राजदूत शामिल थे। उन्होंने जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद अब हालत सामान्य होने और भारत सरकार की सुरक्षा व्यवस्था के प्रति खुशी जाहिर की। राजनयिकों के इस दल ने राज्य का दौरा कर वर्तमान स्थिति को देखा। कहा कि अब यहां जिंदगी पटरी पर उतर रही है। भारत सरकार की ओर से की गई सुरक्षा व्यवस्था काफी बेहतर हैं। अजित डोभाल से मिलने के बाद जर्मनी के राजदूत वॉल्टर जे. लिंडर ने कहा कि हमने जम्मू और कश्मीर का दौरा कर अपने अनुभवों को साझा किया। डोभाल के साथ अहम बैठक हुई। इसके अलावा अफ्गानिस्तान के राजदूत ताहिर कादरी ने जम्मू और कश्मीर दौरे के अनुभव को अच्छा बताया।

# अब पाक में छिपे आंतकियों को भी निशाना बनाएगा भारत

**» अमेरिका से ऐसे हथियार खरीदने की तैयारी में सरकार**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिका ने जिस ड्रोन तकनीक से ईरान के सैन्य कमांडर को मार गिराया था, भारत उसे खरीदने का इच्छुक दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत दौरे से पहले केंद्र सरकार के सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

गौरतलब है कि अमेरिका ने पिछले महीने जनवरी में ईरान के सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी को खास ड्रोन तकनीक के माध्यम से ही मार गिराया था। केंद्र सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि हम उस तकनीक को खरीदने में काफी ज्यादा इच्छुक हैं, जिसका इस्तेमाल कर अमेरिका ने ईरान के सैन्य कमांडर को मार गिराया था। यह ड्रोन बहुत ही शांत तरीके से आया और सटीकता के साथ मिसाइल हमला किया। गत 3 जनवरी को ईरानी सेना के कमांडर मेजर जनरल कासिम सुलेमानी को बगदाद में अमेरिकी सेना ने ड्रोन हमले की मदद से मार गिराया था।



सूत्रों ने बताया कि यह तकनीक पाकिस्तान समेत अन्य देशों में छिपे आतंकियों पर निशाना साधने में मदद करेगी। जरूरत पड़ने पर इस ड्रोन तकनीक की मदद से खास ऑपरेशन भी चलाए जा सकते हैं।

मुंबई हमले के साजिशकर्ता हाफिज सईद समेत कई आतंकी पाकिस्तान में छिपे बैठे हैं। इनमें से बहुत से भारत में वांछित हैं, लेकिन पाक इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। हाफिज सईद के अलावा जैश ए मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर जैसे आतंकी पाक में खुलेआम घूम रहे हैं। ये लोग पाक सेना के साथ मिलकर लगातार भारत के खिलाफ साजिश रचने में लगे हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि भारत ने इस तकनीक को लेकर रुचि दिखाई है और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की भारत यात्रा के दौरान इस पर चर्चा हो सकती है। डोनाल्ड ट्रंप 24 से 25 फरवरी के बीच दो दिन के लिए भारत आने वाले हैं। वर्ष 2009 में ओसामा बिन लादेन को मार गिराने के लिए अमेरिकी नौसेना की स्पेशल फोर्स ने विशेष हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करते हुए लक्ष्य पर निशाना साधा था। भारत इस जासूसी ड्रोन को भी खरीदने का इच्छुक है। लेकिन यह ड्रोन उतना प्रभावी नहीं है, जितना ईरान के सैन्य कमांडर को मार गिराने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

## डेढ़ दशक में दागी सांसदों की संख्या हुई दोगुनी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक पार्टियों को लोकसभा या विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों की जानकारी देने का आदेश दिया। पार्टियों को ऐसे उम्मीदवारों की जानकारी 48 घंटों के अंदर देनी है। इसके अलावा यह भी बताना है कि इन प्रत्याशियों को चुनाव में क्यों खड़ा किया गया।



असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स)द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले 15 सालों के दौरान आपराधिक मुकदमे झेल रहे सांसदों की संख्या में इजाफा हुआ है। हालांकि, कई उम्मीदवारों के खिलाफ की गई शिकायतों की वजह राजनीति भी हो सकती है। उदाहरण के लिए, उदयकुमार एसपी ने कन्याकुमारी सीट से आप के टिकट पर 2014 लोकसभा चुनाव लड़ा। उन्होंने अपने ऐफिडेविट में 382 आपराधिक मुकदमे होने की घोषणा की थी। जदयू के सबसे ज्यादा दागी सांसद रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा दागी सांसदों की बात करें तो जेडीयू इस मामले में नंबर 1 पर है। इसके बाद शिव सेना और कांग्रेस का नंबर है। जेडीयू के 16 में से 13, शिव सेना के 18 में से 11, कांग्रेस के 52 में से 30, बीएसपी के 10 में से 5, लेफ्ट के 6 में 3, डीएमके के 24 में से 11, वाईएसआरसीपी 22 में से 10, टीएमसी के 22 में से 9, एसपी के 5 में से 2, बीजेपी के 302 में 117, टीआरएस के 9 में से 3, बीजेपी के 12 में से 1 सासंद दागी है। पांच पार्टियां ऐसी हैं जिनके आधे से ज्यादा कैंडिडेट दागी हैं। इनमें कांग्रेस, शिव सेना और जेडी यू शामिल हैं।

## गिरिराज सिंह के बयान से खफा भाजपा

**» भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तलब कर दी चेतावनी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की सियासत में विवादित बयानों की वजह से चर्चित भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने हाल ही में देवबंद को आतंकवाद की गंगोत्री बताकर विवाद खड़ा कर दिया, जिससे भाजपा हाईकमान नाराज नजर आया। भाजपा सांसद गिरीराज सिंह के इस बयान को लेकर नाराज पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने उन्हें भाजपा मुख्यालय तलब किया है, जहां उन्हें ऐसे बयानों से बचने की सलाह देते हुए चेतावनी दी गई।

# नीतिगत दर में कटौती के असर में धीरे-धीरे सुधारः दास

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि अर्थव्यवस्था में ऋण उठाव गति पकड़ रहा है। वहीं उन्होंने नीतिगत दर में कटौती का लाभ नीचे तक पहुंचने की रफ्तार आने वाले दिनों में और सुधरने की उम्मीद भी जताई।

आरबीआई गवर्नर का यह बयान ऐसे समय आया है जब अर्थव्यवस्था की वृद्धि को लेकर चिंताएं हैं। साथ ही मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा है जबकि औद्योगिक उत्पादन में नरमी देखी गई है। शक्तिकांत दास ने यहां रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। निदेशक मंडल की इस बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी थीं। दास ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती का लाभ नीचे तक नहीं पहुंच रहा है, वह इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते हैं। उन्होंने कहा कि नीतिगत दर में कटौती का नीचे तक असर लगातार सुधर रहा है। इसके आगे और बेहतर होने की उम्मीद है। दास ने कहा कि ऋण उठाव की



गतिविधियों में गति आई है। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले महीनों में ऋण उठाव की वृद्धि दर बढ़ेगी। मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने और वैश्विक बाजार की परिस्थितियों के कारण केंद्रीय बैंक ने इस महीने की शुरुआत में 2020 की अपनी पहली मौद्रिक समीक्षा नीति में नीतिगत दर में कोई बदलाव नहीं किया था। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने छह फरवरी को अपनी समीक्षा के बाद रेपो दर को 5.15 प्रतिशत पर बरकरार रखा था।